Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779




Sat 25 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 110 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# इंडोनेशिया से भारत लाया गया फरार गैंगस्टर जॉबन बिल्ला, 'ऑपरेशन नोमैड हंट' में पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता




चंडीगढ़, 25 जुलाई: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'गैंगस्टर्स ते वार' अभियान के तहत पंजाब पुलिस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) ने ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्स्ट्राडिशन सेल (OFTEC) तथा केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से लंबे समय से फरार चल रहे गैंगस्टर जॉबनजीत सिंह उर्फ जॉबन बिल्ला को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि आरोपी को 20 जुलाई 2026 को इंडोनेशिया में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उसे भारत निर्वासित किया गया, जहां मुंबई एयरपोर्ट पर पंजाब पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया। अब उसे आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के लिए पंजाब लाया जा रहा है।

डीजीपी ने बताया कि यह कार्रवाई 'ऑपरेशन नोमैड हंट' का सफल समापन है। करीब छह महीने तक चले इस अंतरराष्ट्रीय अभियान में खुफिया निगरानी, रणनीतिक सूचना संग्रह और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के बीच लगातार समन्वय किया गया।

उन्होंने बताया कि जॉबन बिल्ला हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट तथा आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामलों में वांछित था। जांच के अनुसार वह 9 जनवरी 2025 को गोरखपुर निवासी के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तैयार कराए गए पासपोर्ट के जरिए भारत से फरार हुआ था। यह पासपोर्ट 8 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से जारी हुआ था।

डीजीपी के अनुसार फरारी के दौरान जॉबन बिल्ला पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपा रहा, फिर वहां से जॉर्जिया और बाद में इंडोनेशिया पहुंच गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पंजाब पुलिस ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया था तथा उसके फर्जी पासपोर्ट और ठिकानों से जुड़ी जानकारियां समय-समय पर केंद्रीय एजेंसियों के साथ साझा की थीं। इसके अलावा इंटरपोल को पांच अलग-अलग संदर्भ भी भेजे गए, जिनकी बदौलत अंततः उसकी गिरफ्तारी संभव हो सकी।

एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान की निगरानी में और एसपी एजीटीएफ/ओएफटीईसी बिक्रमजीत सिंह बराड़ के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत आरोपी को भारत लाया गया। प्रमोद बान ने बताया कि जॉबन बिल्ला पंजाब में दर्ज चार हत्या के मामलों में वांछित है। इनमें मई 2023 में अमृतसर के गांव सठियाला निवासी जरनैल सिंह की हत्या, जनवरी 2024 में दीपु अजनाला की हत्या तथा मार्च 2025 में 12 वर्षीय गुरसेवक सिंह और विक्की चुघ की हत्या के मामले शामिल हैं।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद CJP ने खत्म किया आंदोलन, सरकार ने सभी प्रमुख मांगें मानीं



नई दिल्ली: केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने अपना विरोध प्रदर्शन तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की घोषणा कर दी है। पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे अपने समर्थकों से घर लौटने की अपील की है।

यह घोषणा शनिवार शाम सीजेपी के प्रवक्ताओं सौरव दास और आशुतोष रांका तथा केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। सीजेपी ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा उनकी सबसे प्रमुख मांग थी, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि सरकार ने आंदोलनकारियों की अन्य मांगों पर भी सहमति जताई है। इसके तहत नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों पर दर्ज सभी पुलिस मामलों को वापस लिया जाएगा और भविष्य में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

इसके अलावा, सरकार ने उन छात्रों के परिवारों को नियमों के अनुसार अधिकतम मुआवजा देने का आश्वासन भी दिया है, जिन्होंने कथित तौर पर नीट पेपर लीक प्रकरण के बाद आत्महत्या की थी।

## पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ी मजबूती: 100 नए आम आदमी क्लीनिक शुरू



चंडीगढ़, 25 जुलाई: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए 100 नए आम आदमी क्लीनिकों की शुरुआत की है। इन क्लीनिकों के शुरू होने के साथ ही पंजाब में आम आदमी क्लीनिकों की कुल संख्या बढ़कर 1,090 हो जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने पटियाला ग्रामीण के विकास नगर में नव-निर्मित आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन कर इस पहल का शुभारंभ किया।

सरकार के अनुसार, 100 नए क्लीनिकों में से 71 क्लीनिकों का उद्घाटन शनिवार को राज्यभर में कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया, जबकि शेष 29 क्लीनिकों को 31 जुलाई तक विभिन्न जिलों में चरणबद्ध तरीके से जनता को समर्पित किया जाएगा।

## पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा विस्तार: 100 नए आम आदमी क्लीनिक शुरू, कुल संख्या 1,090 पहुंची

चंडीगढ़, 25 जुलाई: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने प्रदेश में मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाते हुए 100 नए आम आदमी क्लीनिक शुरू करने की घोषणा की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने पटियाला ग्रामीण के विकास नगर में नव-निर्मित आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन कर इस विस्तार की शुरुआत की। इसके साथ ही राज्य में आम आदमी क्लीनिकों की कुल संख्या बढ़कर 1,090 हो जाएगी।

इन 100 नए क्लीनिकों में से 71 क्लीनिकों का उद्घाटन शनिवार को राज्यभर में कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया, जबकि शेष 29 क्लीनिक 31 जुलाई तक विभिन्न जिलों में चरणबद्ध तरीके से जनता को समर्पित किए जाएंगे।

इस अवसर पर कई मंत्रियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नए क्लीनिकों का उद्घाटन किया। डॉ. बलजीत कौर ने श्री मुक्तसर साहिब में तीन, लाल चंद कटारूचक्क ने पठानकोट में 25 लाख रुपये की लागत से बने क्लीनिक, गुरमीत सिंह खुड्डियां ने श्री मुक्तसर साहिब में एक, हरदीप सिंह मुंडियां ने साहनेवाल में 76.41 लाख



रुपये की लागत से बने तीन तथा तरुनप्रीत सिंह सौंद ने खन्ना में 87 लाख रुपये की लागत से तैयार तीन क्लीनिकों का उद्घाटन किया। वहीं मोहिंदर भगत ने जालंधर में तीन नए आम आदमी क्लीनिक जनता को समर्पित किए।

वक्ताओं ने कहा कि आम आदमी क्लीनिकों ने लोगों को उनके घर के निकट मुफ्त और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर इलाज को आसान, सुविधाजनक और किफायती बनाया है। नए क्लीनिकों के शुरू होने से अधिक नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

सरकार के अनुसार वर्तमान में राज्य में 990 आम आदमी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं, जिनमें 414 शहरी और 576 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। इन क्लीनिकों में मरीजों को 107 प्रकार की आवश्यक दवाइयां तथा 47 प्रकार की प्रयोगशाला जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक क्लीनिक में मेडिकल अधिकारी, फार्मासिस्ट और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी तैनात हैं, जबकि आधुनिक आईटी प्रणाली के माध्यम से मरीजों का पंजीकरण, जांच, उपचार और दवाइयों का वितरण किया जाता है।

सरकार ने आम आदमी क्लीनिकों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा भी बढ़ाया है। अब यहां गर्भवती महिलाओं की प्रसव-पूर्व देखभाल, कुत्ते के काटने का उपचार, परिवार नियोजन सेवाएं, उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा अन्य गैर-संचारी रोगों की जांच और उपचार भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। पंजाब सरकार का कहना है कि प्रत्येक नागरिक को उसके घर के निकट बेहतर और मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

## गैंगस्टरों पर वार का 186वां दिन: पंजाब में 583 ठिकानों पर छापेमारी, 353 गिरफ्तार; 'युद्ध



चंडीगढ़, 25 जुलाई: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 186वें दिन राज्यभर में बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के चिन्हित 583 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। इस विशेष अभियान में 353 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके कब्जे से तीन हथियार भी बरामद किए गए। अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 52,895 हो गई

गौरतलब है कि 20 जनवरी 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान राज्य को गैंगस्टर मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिला पुलिस इकाइयां नियमित रूप से विशेष अभियान चलाकर गैंगस्टरों, उनके सहयोगियों और संगठित अपराध से जुड़े नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 244 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई भी की, ताकि संभावित आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके। इसके अलावा 13 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिनकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

पंजाब पुलिस ने आम नागरिकों से भी इस मुहिम में सहयोग की अपील की है। लोगों से कहा गया है कि वे एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर पूरी गोपनीयता के साथ गैंगस्टरों, उनके सहयोगियों तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी साझा कर सकते हैं। पुलिस का कहना है कि नागरिकों से मिलने वाली सूचनाएं अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

इसी दौरान पंजाब पुलिस ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 511वें दिन भी नशा तस्करों के खिलाफ सघन कार्रवाई जारी रखी। इस अभियान के तहत राज्यभर में 68 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 481 ग्राम हेरोइन, 40 किलोग्राम भुक्की, 567 नशीली गोलियां तथा 1,040 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई।

Advertisement


# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.